तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024

15 निगम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू...



16 बाजार मूल्य से कई गुना अधिक दर पर सामग्रियों की...





## खबर संक्षेप

### किरणमयी 17 को करेंगी प्रकरणों की सुनवाई



**धमतरी।** छग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक 17 दिसम्बर को धमतरी जिले से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित इस सुनवाई में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

### तहसील साहू समाज की बैठक 14 को

**धमतरी।** तहसील साहू समाज शहर धमतरी की बैठक 14 दिसंबर शनिवार को दोपहर 1:30 बजे साहू छात्रावास भवन बांसपारा धमतरी में रखी गई है। बैठक में आदर्श विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, राजिम भक्तिन माता जयंती, तेलीनसत्ती माता महोत्सव पर चर्चा एवं प्राप्त प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### अमलीडीह में मड़ई मेला 15 को

**मगरलोड।** ग्राम अमलीडीह में ग्रामवासियों के सहयोग 15 दिसंबर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमलाल नाग, कोषाध्यक्ष तुलसीराम निषाद, सचिव कन्हैया यादव, नेमू निषाद ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भुईयां के अंजोर ग्राम गाजर जिला महासमुंद का कार्यक्रम रखा गया है।

### घासीदास जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा



**कोर्रा(भखारा)।** नगर पंचायत भखारा भठेली के मिनीमाता वार्ड क्रमांक 12 में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 तक बाबा गुरु घासीदास की शोभायात्रा निकली जाएगी। शाम 4 से 5 तक श्वेत खाम में ध्वजारोहण किया जाएगा। रात्रि में सोनबाई शास्त्री दूरदर्शन कलाकार का रंगारंग कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष अशोक पाल निधि एवं कोषाध्यक्ष बलीराम, लक्ष्मी नारायण, सालिकराम ने दी है।

### भिरई में श्रीमद् भागवत कथा 22 से



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम भिरई (पलारी) में स्व. मनहरणलाल सिन्हा की स्मृति में श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन 22 से 30 दिसंबर तक किया जा रहा है। कथावाचक पं. सुरेंद्र शर्मा ग्राम देवरी होंगे। परायणकर्ता पं. प्रवीण तिवारी गंडई होंगे। कथा दोपहर 1 से संध्या 5 बजे तक होगी। आयोजन की तैयारी में बेलदार सिन्हा, श्रीमती केजादेवी सिन्हा, शंकरलाल सिन्हा, गोदावरी सिन्हा, शैलेंद्र सिन्हा समेत ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### परसुली में मड़ई 7 जनवरी को

**धमतरी।** ग्राम परसुली में ग्रामवासियों के सहयोग से 7 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए दुर्रे बंजारी महराष्ट्र का राधा कृष्णा नाचा प्रोग्राम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद, सचिव तोरण लाल निषाद व मेघनाथ साहू ने दी है।

---

### पशुधन संगणना का काम जोरों पर, 62 गांवों में काम हो चुका कम्पलीट

# पालतू के साथ आवारा पशुओं की हो रही गिनती

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हर चूल्हे को इकाई मानकर जिले में पशुओं की गिनती की जा रही है। पालतू पशुओं के साथ आवारा पशुओं और सांडों की भी गणना की जा रही है। पूरा पशुधन विकास विभाग इसी गणना में जुटा हुआ है। इस गणना से मिले आंकड़ों के आधार पर पशुपालकों के लिए योजनाएं तैयार की जाएंगी।

जिले में 21 वीं पशु संगणना का काम 25 अक्टूबर से शुरू हो गया है। चार माह चलने वाले जानवरों की इस गणना में प्रगणक घर- घर घूमकर पशुओं से संबंधित जानकारी एकत्रित करेंगे। जानकारी के अनुसार जिले के सभी 626 गांव और नगर पंचायत, नगर निगम के 115 वार्डों में गणना की जाएगी। अब तक 62 गांवों में पशु संगणना का काम पूरा हो चुका है। गणना कार्य के लिए 70 प्रगणक और 15 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि हर पांच साल में यह गणना होती है। इस बार मैनुअल के साथ डिजिटल तरीके से डाटा संग्रहित किया जा रहा है। प्रगणक घर -घर जाकर जानकारी नोट कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त मोबाइल से जानकारी अपलोड भी कर रहे हैं। पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक महेश सिंह बघेल ने जिले के पशुपालकों से अपील की है कि वे इस गणना में सहयोग करें। देर सबेर इस जानकारी का लाभ पशुपालकों को ही होगा।

#### तीन लाख थे मवेशी

पांच साल पहले हुई पशु संगणना में गौ वंशीय और भैंस वंशीय पशुओं की संख्या 2 लाख 93 हजार थी। 7 हजार सूकर और 59 हजार बकरा बकरी थे। इस साल इनकी संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद की जा रही है। इन पशुओं की गणना के साथ पक्षियों, कुत्ते, मुर्गियों की भी गणना की जा रही है। इस साल आवारा पशुओं की गणना की जा रही है। बाहर से भी बड़ी संख्या में पशुपालक जिले में आते हैं। उनकी भी जानकारी जुटाने की कोशिश की जाएगी। चरवाहों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।



#### आसान नहीं है आवारा पशुओं की गिनती

पालतू पशुओं की गिनती हो जैसे-तैसे हो जाती है लेकिन आवारा मवेशियों की गणना करना आसान है। आवारा पशुओं की गणना सटीक बनाने के लिए जिस पशु की गिनती की जाएगी, उस पर निशान लगाया जाएगा ताकि दोबारा उसकी गिनती नहीं हो। इसके बाद भी समस्या कम नहीं है। सबसे ज्यादा समस्या आवारा कुत्तों और मवेशियों को लेकर है। जिले में आवारा कुत्तों की संख्या काफी अधिक है। इसी प्रकार आवारा सांडों पर की गिनती भी काफी मुश्किल है। शहर व आसपास के गांवों में भी बड़ी संख्या में गौवंशीय पशु आवारा घूम रहे हैं। उनकी गिनती करना काफी पेचीदा काम है।

#### इसलिए जरूरी है पशु संगणना

ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि है और कृषि का काम पशुपालन से जुड़ा हुआ है। इसके अतिरिक्त पशुपालन में बड़ी संख्या में लोगों का रोजगार भी है। चाहे वह डेयरी फार्म हो या मुर्गी फार्म। पशु संगणना से जिले में पशुओं की संख्या से संबंधित जानकारी स्पष्ट होगी। शासन द्वारा इसी जानकारी को आधार मानकर पशु संरक्षण और उनकी संख्या बढ़ाने के लिए योजनाएं तैयार करेंगी। गौवंशीय, भैंसवंशीय, भेड़, बकरी, सूकर, ऊंट, घोड़ा, गधा, खच्चर, टट्टू, याक, कुत्ता, खरगोश, हाथी, मुर्गा-मुर्गी, बटेर, गिनी फाउल, बत्तख, टर्की, एमु, शुतुरमुर्ग और गीज जैसे पशु-पक्षियों की गणना की जाएगी।

---

## अब पड़ेगी कड़ाके की ठंड



- शनिवार तक न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तथा अधिकतम 26 डिग्री पर आने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मौसम साफ होने के बाद जिले में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट आ गई है। वहीं आगामी दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में मौसम साफ है। उत्तरी छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर शीतलहर चलने की संभावना है। आने वाले 24 घंटे में तापमान और गिरेगा। उल्लेखनीय है कि फेंगल चक्रवात से पहले जिले का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 27 डिग्री पर आ गया था, लेकिन चक्रवात के प्रभाव से न्यूनतम तापमान 20 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 30 डिग्री के ऊपर चला गया था। मौसम साफ होते ही अब न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 27 डिग्री पर आ गया है। संभावना है कि शनिवार तक अधिकतम तापमान 26 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 9 डिग्री पर आ जाएगा।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के आरक्षण की अधिसूचना जारी

### 17 से 19 दिसंबर तक पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्यों का होगा आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय छग शासन ने त्रिस्तरीय पंचायत निवार्चन 2024-25 के आरक्षण के लिए कलेक्टर को अनुदेश दिया है। 20 दिसंबर 2024 को ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्य, अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के प्रवर्गवार आरक्षण की जानकारी शासन को भेजी जाएगी।

राज्य सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव एकसाथ कराने की मंशा बना ली है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव तारणप्रकाश सिन्हा ने प्रदेश के कलेक्टरों को अनुदेश जारी कर कहा है कि पंचायतराज अधिनियम 1993 के प्रावधान एवं विभागीय अनुदेश एवं निर्देशों के परिपालन में त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं के परिसीमन की कार्रवाई पूर्ण करा ली गई है। अब पंचायत के वार्ड पंच, सरपंच, जनपद सदस्यों, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्यों एवं अध्यक्ष पदों का आरक्षण किया जाना है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण को छोड़कर शेष पदों के आरक्षण के लिए जिला कलेक्टर विहित प्राधिकारी हैं। अनुदेश में कहा गया है कि आरक्षण की कार्रवाई महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध है। अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की एक टीम बनाने तथा टीम को आरक्षण के लिए समुचित प्रशिक्षण देने को कहा है। आरक्षण संबंधी संपूर्ण कार्रवाई की जानकारी के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार निष्पक्षता एवं पारदर्शी के लिए करने कहा गया है।




#### पंचायत आरक्षण के लिए समय-सारिणी तय

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन वर्ष 2024-25 के लिए आरक्षण कार्रवाई की समय सारिणी तय कर दी गई है। इस कार्य का निष्पादन कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। 12 दिसंबर 2024 को ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड, जनपद पंचायत अध्यक्ष निर्वाचन क्षेत्र एवं जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों का प्रवर्गवार आरक्षण कार्रवाई के लिए सूचना प्रकाशन। 17 से 19 दिसंबर तक ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड, जनपद अध्यक्ष, निर्वाचन क्षेत्र एवं जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों का प्रवर्गवार आरक्षण कार्रवाई एवं अधिसूचना का प्रकाशन तथा 20 दिसंबर को पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सदस्यों के प्रवर्गवार आरक्षण की जानकारी शासन को भेजी जायेगी।

---

## एक साल में 300 करोड़ की शराब गटक गए मयकश

- पिछले साल की तुलना में 15 फीसदी अधिक का राजस्व प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में शराब के प्रति लोगों की दीवानगी बढ़ती जा रही है। एक साल में मयकशों ने 300 करोड़ से अधिक की शराब गटक ली है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 15 फीसदी से ज्यादा की शराब बिकी है।

आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 27 शराब दुकान है। इनमें रोजाना 1 करोड़ से अधिक की शराब की बिक्री होती है। नवंबर 2023 से नवंबर 2024 तक 312 करोड़ 40 लाख 69 हजार 610 रुपए की शराब बिकी है, जबकि विगत वर्ष में 270 करोड़ 19 लाख 51 हजार 530 रूपए की शराब बिकी थी।



#### 2300 लीटर महुआ शराब जब्त

आबकारी विभाग ने अवैध शराब के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सन 2023 में अवैध शराब के 419 प्रकरण दर्ज किए थे। जिसमें 1754.16 लीटर महुआ शराब जब्त की गई थी। इस साल 456 प्रकरणों में 2284.43 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। इसमें 422 आरोपियों पर कार्रवाई हुई। पिछले वर्ष की तुलना में 8 फीसदी अधिक छापे तथा रेड की कार्रवाई की गई है। आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि एक साल के भीतर जिले में 300 करोड़ से अधिक का शराब व्यापार हुआ है। अभी तक 171 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है।

#### बंद हो सकती है हटकेशर शराब दुकान

हटकेशर स्थित शराब दुकान में अब ग्राहक नजर नहीं आ रहे हैं। यहां खोमचा चलाने वालों ने बताया कि हटकेशर की सुनसान जगह पर देशी शराब दुकान संचालित है। देशी शराब के शौकीनों की यहां खूब भीड़ उमड़ती थी। यह एरिया सुनसान होने से बटंचियों द्वारा लोगों से लूटपाट करने की खूब शिकायत थी। आबकारी विभाग ने इसे देखते हुए रत्नाबांधा रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में देशी शराब उपलब्ध कराई जिससे हटकेशर शराब दुकान की ग्राहकी खत्म हो गई है। बताया जा रहा है कि देशी शराब दुकान के लिए रत्नाबांधा, मुजगहन में जगह तलाशी जा रही है। संभावना है कि नए सत्र से हटकेशर शराब दुकान बंद हो जाएगी।

### कोटरवाही में मड़ई 29 को

**धमतरी।** ग्राम कोटरवाही (नरहरा वाटरफाल) में 29 दिसम्बर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में अमर ज्योति ग्राम कुम्हारदो मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला बालोद का छत्तीसगढ़ी नाचा होगा। यह जानकारी डॉ. केशव साहू, राजकुमार मरकाम एवं गोविंद राम पडौटी ने दी है।

### कौहाबाहरा से दुगली तक स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

**धमतरी।** गोंडवाना समाज सेवा समिति दुगली के अध्यक्ष मयाराम मंडावी, बिच्छलसिंह मरकाम, नरसिंह मरकाम, पंचुराम नेताम, चिंताराम तुमरेटी, रामदास वट्टी, अशोक साक्षी, मुन्ना नेताम आदि ने पुलिस अधीक्षक धमतरी को ज्ञापन सौंपकर कौहाबाहरा से दुगली तक रोड में तीन स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि केशकाल घाटी बंद होने से नगरी रोड में वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। वाहनों की स्पीड अधिक होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। अनहोनी रोकने व वाहनों की रफ्तार कम करने उक्त स्थानों पर तीन ब्रेकर बनाया जाए।

## 34.91 लाख के गांजा के साथ हरियाणा का तस्कर गिरफ्तार

- गांजे की बड़ी खेप ले जाते समय कार सियारीनाला पुलिया से गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गांजे की बड़ी खेप ले जा रही कार पुलिया से नीचे गिरकर पलट गई। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार से व चालक द्वारा छिपाकर रखे गांजे का जखीरा बरामद किया।

पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना को बुधवार को ग्राम माड़मसिल्ली सियारीनाला पुलिया के पास एक वाहन के एक्सीडेंट होकर पलट जाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची। यहां एसयूवी 500 क्रमांक एचआर 26 बीयू 9823 पुलिया के नीचे पड़ी थी। कार के पास एक व्यक्ति खड़ा मिला। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम प्रदीप कुमार पिता सुभाषचंद्र उम्र 31 वर्ष ग्राम कानो थाना अग्रोहा जिला हिसार हरियाणा निवासी बताया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन की तलाशी ली। कार से 4 पैकेट गांजा बरामद हुआ। कार से गांजा बरामद होने पर पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त युवक ने गांजा का और पैकेट नाला में झाड़ियों के बीच छिपाकर रखना बताया। झाड़ी की तलाशी ली गई जहां से 63 पैकेट अवैध गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा का कुल वजन 3 क्विंटल 49 किलो 120 ग्राम है, जिसकी कीमत 34 लाख 91 हजार 200 रूपये है। पुलिस ने गांजा को जब्त कर लिया। आरोपी प्रदीप कुमार को धारा 20 बी, एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत गिरफ्तार कर किया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह, प्रआ डिकेश सिन्हा, हेमराज ध्रुव, शक्ति सोरी, गणेश नेताम व जितेन्द्र ठाकुर का योगदान रहा।



---

### जिले में दो माह चलेगा जागरूकता अभियान

## बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए सांस कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

निमोनिया जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों के बचाव के लिए सांस जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसकी शुरुआत जिला अस्पताल में की गई। जिले में दो महीने तक जागरुकता कार्यक्रम चलेगा।

जिला अस्पताल के ओपीडी भवन में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों को निमोनिया से बचाव के लिए चलाए जा रहे जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत सीएमएचओ डा.यूएल कौशिक ने की। इस दौरान उपस्थित स्टाफ नर्स व लोगों को संबोधित करते हुए डा.कौशिक ने कहा कि निमोनिया को लेकर सामाजिक जागरुकता आवश्यक है। जिसके लिए सांस जागरुकता कार्यक्रम चलाया जारहा है। इस दौरान लोगों को निमोनिया के लक्षण व उपचार की जानकारी दी जाएगी। डा. कौशिक ने कहा कि निमोनिया से बच्चों में मृत्यु दर बढ़ती है। यह श्वसन के माध्यम से बच्चों को संक्रमित करता है। जांच से ही संक्रमित करने वाले बैक्टीरिया का पता सलता है। निमोनिया के लक्षण की तत्काल पहचान कर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में बच्चे की जांच व उपचार कराएं।

सिविल सर्जन डा. अरूण टोंडर ने कहा कि बच्चों में मृत्यु दर डायरिया व निमोनिया के कारण बढ़ती है। सामाजिक जागरुकता से निमोनिया पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वैक्सीनेशन कराकर बच्चों को निमोनिया से बचाया जा सकता है। इस दौरान श्वेता ने कहा कि सांस जागरूकता कार्यक्रम जिले में दो माह चलेगा। इसके लिए नगरी में दो दिन का प्रशिक्षण रखा गया व निमोनिया के लक्षणों की जानकारी दी गई।

शिशुरोग विशेषज्ञ डा.रवि किरण शिंदे ने निमोनिया की जानकारी देते हुए बताया कि चार लक्षण सामने आते हैं जिसमें सप्ताहभर तक सर्दी व खांसी रहना, तेजी से सांस लेना, सांस लेते समय पसली चलना, तेज बुखार आना, झटके आना शामिल है। डा. शिंदे ने कहा कि संक्रमित बच्चे को धूम्रपान करने वाले के करीब न रखे। टीबी पेशेंट से दूर रखे। निमोनिया के लक्षण दिखने पर तीन संक्रमण का तीन लेवल बीएमसी, सीएचसी व जिला अस्पताल ले जाकर उपचार करा सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ. राकेश सोनी आरएमओ जिला अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप, सहायक नेत्र चिकित्सक गुरुशरण साहू, मैट्रन पार्वती व अस्पताल की स्टाफ नर्स सहित अन्य लोग उपस्थित थे।





### सिंगपुर में जनसमस्या निवारण शिविर 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आमजनों की मांग, समस्या और शिकायतों के निराकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 दिसम्बर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम सिंगपुर में किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को उक्त शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लोगों की मांग, समस्या और शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

कार्यकारिणी समिति की बैठक में कई मांगों पर प्रस्ताव पारित किया गया

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं का होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड कार्यकारिणी समिति की बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई।

बैठक में अस्पताल सेवा प्रबंधन, सुदृढ़ीकरण, सुविधाओं में विस्तार, आवश्यक दवाइयां, उपकरण एवं मानव संसाधन की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, साफ- सफाई को लेकर चर्चा की गई। आय-व्यय की जानकारी लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने अस्पताल सुविधाओं में विस्तार ,आवश्यक दवाइयां एवं उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित करने, आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं का संपादन एवं प्रबंधन व्यवस्था ,पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, शीघ्र ओपीडी आभा ऐप का प्रचार- प्रसार करने के निर्देश दिए। नवीन 20 बिस्तरीय वार्ड में पोषण पुनर्वास केंद्र का संचालन, प्रतीक्षालय भवन एनआरसी एनएचएम कार्यालय के चारों ओर अहाता अथवा फेंसिंग कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की खिड़की दरवाजा का मरम्मत कार्य, रनिंग वाटर सप्लाई पाइप लाइन मरम्मत कार्य, विद्युत मरमत कार्य, सिजेरियन प्रसव कराने एनेस्थीसिया (निश्चेतना) की मांग, बायो वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था हेतु एक डीप पीट बनाने का कार्य, सुरक्षा व्यवस्था हेतु एनवीआर सीसीटीवी कैमरा लगाने का कार्य, ओटी मरम्मत, रेनवाटर हार्वेस्टिंग हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।




बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शारदा ठाकुर, तहसीलदार मनोज भारद्वाज, नायब तहसीलदार दीपेंद्र पटेल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित बीपीएम मनोज पटेल उपस्थित थे।

## 4.30 लाख क्विंटल धान का ही उठाव

पुरी। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवंबर से 74 समितियों के 100 उपार्जन केन्द्रों द्वारा की जा रही है। जिला प्रशासन के सहयोग से पूरी समितियों में सफलतापूर्वक किसानों से धान की खरीदी हो रही है। परंतु 21 लाख क्विंटल में से मात्र 4.30 लाख क्विंटल धान का ही उठाव हुआ है। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ नरेंद्र साहू ने बताया कि मिलिंग के लिए 161 मिलरों ने पंजीयन कराया है। एग्रीमेंट 101 लोगों का हुआ है। संग्रहण केंद्रों में डीओ कटना बंद हो गया है। अब मिलर द्वारा ही धान उठाव होने का इंतजार है। समितियों में लंबे समय पर धान पड़े रहने के कारण धान में सूखत आ रही है। इससे जिले की सभी समितियों को आर्थिक क्षति होगी। यदि शीघ्र ही मिलरों का डीओ जारी नहीं होता है तो दो-चार दिन में धान खरीदी बंद हो सकती है।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोलियारी में महात्मा गांधी की मूर्ति का करेंगे अनावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्रामीण कांग्रेस कमेटी कोलियारी द्वारा 14 दिसंबर शनिवार को गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मूर्ति अनावरण कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति का अनावरण करेंगे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक दवय गुरूमुखसिंह होरा धमतरी, लेखराम साहू कुरुद, विनोद तिवारी संगठन प्रभारी, तारिणी चंद्राकर, नीलम चंद्राकर पूर्व मंडी अध्यक्ष, गोविन्द साहू जिपंस, शारदा लोकनाथ साहू जनपद अध्यक्ष कुरुद, लक्ष्मीकांता साहू, परमेश्वरी साहू जपस, भरत नहर पूर्व अध्यक्ष, तपन चंद्राकर नपं अध्यक्ष कुरुद, राजू साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा, होमेंद्र साहू प्रभारी महामंत्री भखारा शिरकत करेंगे। तैयारी में ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारी बिसौहा साहू, रामरतन साहू, डोमार साहू, गैदलाल, मुकेश साहू, कुलेश्वर साहू जुटे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### थुहा में मड़ई मेला 20 को

सिर्री। ग्राम थुहा (नवागांव) में 20 दिसम्बर को मड़ई मेला का आयोजन सतनामी समाज एवं युवा संगठन द्वारा किया गया है। रात्रि में मोर देश के माटी सोना छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम जुड़ेरा खरोरा की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

## निधन

### श्रीमती चंद्रबती साहू



मगरलोड। ग्राम परखंदा निवासी श्रीमती चंद्रबती साहू 87 वर्ष का निधन 10 दिसंबर मंगलवार को हो गया। वे अपने पीछे पुत्र रामप्रसाद, रामाधार सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिक गण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### कौशिल्या साहू



कुरूद। समीपस्थ ग्राम सेलदीप निवासी श्रीमती कौशिल्या साहू का आकस्मिक निधन 7 दिसंबर को हो गया। वे संतुराम, मेमू, उत्तम साहू की माताजी थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### पवन साहू

नगरी। पवन कुमार साहू 61 वर्ष प्रधानपाठक शासकीय माध्यमिक विद्यालय दुगली का 11 दिसंबर को हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया है। वे उत्तम साहू के बड़े भाई व टिकेश्वरी साहू, ढालूराम साहू, राधिका साहू के पिताजी थे। उनके पैतृक ग्राम जीजांमगांव के शांति घाट में अंतिम संस्कार किया गया जिसमें बड़ी संख्या में परिवार एवं ग्राम प्रमुख उपस्थित थे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

## ग्रामीण पटेल संघ भखारा के गुरुदयाल बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

सिहाद त्रिकुटी धाम में ग्रामीण पटेल संघ की बैठक हुई जिसमें सभी ग्रामीण पटेल ने अपनी अपनी समस्याएं रखी। ग्रामीण पटेल संघ का चुनाव हुआ। अध्यक्ष गुरुदयाल साहू भेंडरवानी, घनाराम साहू कचना सचिव, कोषाध्यक्ष राजेंद्र साहू सेमरा चुने गए। धमतरी जिला अध्यक्ष राम प्रसाद की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। बैठक में ग्रामीण पटेल संघ ने अपनी पीड़ा रखते हुए कहा कि हम सब गांव के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करते हैं लेकिन शासन से हमें न्यूनतम सहयोग राशि मिलती है। इससे जीवनयापन करना मुश्किल हो रहा है। संघ ने सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग की।

## शहीद वीर नारायण सिंह के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

■ सर्व आदिवासी समाज ने 166 वीं पुण्यतिथि पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

हाईस्कूल के सामने शहीद वीर नारायण सिंह चौक में सर्व आदिवासी समाज जोन सांकरा के तत्वावधान में देश एवं आदिवासियों के गौरव छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर नारायण सिंह की 166 वीं पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जपं नगरी थीं। अध्यक्षता प्रयाग बिसेन संरक्षक सर्व आदिवासी समाज सांकरा जोन ने की। विशेष अतिथि सुलोचना साहू जनपद सदस्य जपं नगरी, बुधियारिनबाई मरकाम अध्यक्ष महिला प्रभाग



आदिवासी गोंड समाज, भगवान सिंह नेताम सलाहकार, एमआर चनाप संरक्षक आदिवासी समाज, बंशीलाल ध्रुव सलाहकार, ऋषि ओटी सरपंच नवागांव, कार्तिकराम साहू अध्यक्ष पेंशनर समाज, छबिलाल नेताम उपाध्यक्ष, गिरवर भंडारी अध्यक्ष आदिमजाति सेवा सहकारी समिति सांकरा, रामलाल सोरी, महेंद्र नेताम अध्यक्ष युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज नगरी, जन्मेजय साहू अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ सांकरा, कैलाश भंडारी, श्यामंत बिसेन जनपद सदस्य, दिलीप सोम, हेमलाल मरई, सोहन मरकाम, राजू पटेल, मोतीलाल दिवाकर सलाहकार आदिवासी समाज थे। समाज प्रमुखों, अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके मार्ग पर चलने की बात कही।

मौके पर हेमलाल ध्रुव, हरिक ध्रुव, अमेश ध्रुव, नरोत्तम ध्रुव, मदन मरकाम, सुकचंद नेताम, संतोष मरकाम, रामसिंह नेताम, नागेन्द्र बोरझा, प्रकाश मरकाम, नंद श्रीमाली, मुगेश ध्रुव समेत अनेक समाजजन मौजूद थे।

## चरमुड़िया स्कूल के छात्रों ने सेवई-पूड़ी का लिया लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक शाला चरमुड़िया में पदस्थ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी डगेश्वर पटेल ने अपने दादाजी स्व. धरम पटेल की स्मृति में शासकीय प्राथमिक शाला चरमुड़िया में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं को सेवई-पूड़ी, चावल, दाल, गोभी, आलू, परोसा गया। इस अवसर पर प्रधानपाठिका गायत्री चंद्राकर, शिक्षक चम्मनलाल साहू, रसोइया सुशीला निर्मलकर, सहायिका सोहद्रा उपस्थित थे।



## छग महतारी कालेज में मानव अधिकार दिवस मना






हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। प्राध्यापक एमएस साहू ने मानव अधिकार पर जानकारी दिये। संस्था प्रमुख डॉ एसके साहू ने कहा कि आज वास्तव में मानव अधिकार का हनन कर रहा है। उसी अधिकार को हमको समझना और जानना है जिससे हम अपने अधिकार के लिए लड़ सके। अतिथियों ने मानव अधिकार के मौलिक कर्तव्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी अध्यापक टीके साहू ने किया। मौके पर डीके साहू, एसके, नेहा साहू, प्रीति साहू, उषा साहू, सुश्री ढीढी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जोरातराई सि. स्कूल में हुआ न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जोरातराई सि के कक्षा 7वीं की छात्रा नूतन साहू के जन्मदिन पर डा. वेदराम साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला जोरातराई सि के छात्र-छात्राओं को न्योता भोज में खीर पूड़ी, बड़ा के साथ कद्दू की सब्जी खिलाई।

इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक सुदामा साहू, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक चंद्रशेखर साहू, स्टाफगण कुलेश्वर साहू, अनुभव सोनबेर, सनत साहू, हिलेश साहू, मीनाक्षी खिल्लारी, संगीता, सफाई कर्मी विनोद, दयानंद साहू, रसोइया सहायिका शिवकुमारी साहू, जगोती यादव, जमुनाबाई साहू, अश्वनी साहू मौजूद थे।



## महान नारियों से प्रेरणा लेकर बच्चों का भविष्य संवारें : डॉ. चन्द्रा

■ सेजेस सिंगपुर में बच्चों की शिक्षा दीक्षा में मां की भूमिका विषय पर हुई गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

इतिहास इस बात का साक्षी है कि परिवार प्रथम पाठशाला और मां प्रथम गुरु होती है। हमारा इतिहास महान नारियों की गाथाओं से भरा हुआ है जिन्होंने अपनी शिक्षा एवं संस्कारों से विषम परिस्थितियों में भी अपने बच्चों को संस्कारवान बनाकर महापुरुषों की श्रेणी में स्थापित किया। उक्त बातें सेजेस सिंगपुर में दस गांव की एकत्रित माताओं से प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा ने कही।

बच्चों की शिक्षा दीक्षा में मां की भूमिका विषय पर आयोजित चर्चा गोष्ठी में दस गांव से माताएं एकत्रित हुई थीं।



इस गोष्ठी में चर्चा का मुख्य केंद्र बिंदु यह था कि यदि माताएं घर पर बच्चों को संस्कारित करने का जिम्मा उठा लें तो दुनिया की कोई ताकत बच्चों को गलत रास्ते पर नहीं ले जा सकती। आज हर माता- पिता की शिकायत यही है कि बच्चे टीव्ही और मोबाइल के कारण बिगड़ रहे हैं। बच्चों में नैतिक एवं सांस्कारिक मूल्यों की कमी है। वे बड़े बुजुर्गों की बात नहीं मानते। यह किसी एक स्कूल की नहीं बल्कि पूरे समाज की समस्या बन गई है। इसे माताएं ही रोक सकती हैं। माताएं बच्चों को प्रतिदिन महापुरुषों की कहानियां सुनाकर बच्चों में नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों को डाल सकती हैं। स्कूल में होने वाली गतिविधियों पर बच्चों की भागीदारी एवं प्रगति की चर्चा कर बच्चों के अधिगम का आंकलन कर सकती हैं। बच्चों को प्रतिदिन स्कूल जाने के लिए समय पर तैयार करा सकती है । गृह कार्य की निगरानी भी कर सकती है। विद्यालय में शिक्षकों से मिलकर बच्चों की प्रगति पर चर्चा कर सकती है। ऐसा करने से बच्चे पढ़ाई के प्रति अलर्ट रहेंगे।

चर्चा के दौरान ज्योति तिवारी, चंपाबाई, यामिनी, कलिता बाई, प्रतिभा बाई, शेषबाई, पुनीता बाई, जास्मिन बाई, रामेश्वरी, जानकी, बसंती, चंद्रिका, पद्माबाई, माहेश्वरी, प्रेमलता, भुनेश्वरी, कमला बाई, चंद्र कुंवर, धनेश्वरी बट्टी, संतोषी, फूलबाई, डेमिन बाई, दिनेश्वरी, नन्दिनी, देवबती, पूजा बाई, दुर्गा बाई, रोशनी बाई आदि उपस्थित थीं।

## करंट से मृत बंदर का किया अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

11 दिसंबर की सुबह एक बंदर की मौत करंट की चपेट में आने से हो गई। कोर्रा के बजरंग दल के सदस्य अमन आर्य, खूबलाल साहू, नेमसिंह साहू, पंकज साहू, दीपेंद्र साहू, विमल साहू, महेंद्र पुष्पेंद्र, राजू, पुष्पेंद्र, विक्की ने रीति-रिवाज के साथ बंदर का अंतिम संस्कार किया।

न्यायालय तहसीलदार मगरलोड
जिला धमतरी छ.ग.
// उद्घोषणा//
रा.प्र.कं. 202411131000023/अ-59/2023-24, ग्राम मगरलोड प.ह.नं.-13
तहसील मगरलोड
:::000:::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलम साहू, अध्यक्ष प्रेस क्लब द्वारा मगरलोड ब्लॉक में मीडिया के संचालन हेतु प्रेस क्लब भवन निर्माण किये जाने भूमि खसरा नम्बर 1631/1क रकबा 148.7030 हे बड़े झाड के जंगल मद का भाग रकबा 25*25=625 वर्गफीट का चिन्हाकंन किया गया है जिस पर आबंटन पश्चात भवन निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

अतएव आवेदक के आवेदन के संबंध में जिस व्यक्ति/सह खातेदार को कोई आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/12/24 तक न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/12/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मगरलोड

सिलौटी स्कूल में मानव अधिकार दिवस पर छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला

## अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्रों व शिक्षकों ने उत्साह से भाग लिया। छात्रों तथा शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर मानव के अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एकजुटता का संदेश दिया।

व्याख्याता संतोष जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन हमें मानव अधिकारों के सार्वभौमिक घोषणा पत्र की याद दिलाता है जिसे 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया गया था। मानव अधिकार हर व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार है जिसमें जिंदगी, आजादी, बराबरी, सम्मान का अधिकार, गरिमामय जीवन जीने का अधिकार, नागरिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकार शामिल है जिसे धर्म, मूल, जाति, वंश और राष्ट्रीयता के आधार पर भेदभाव नहीं करना है। संकल्प लें कि हम ऐसा समाज बनाए जो हर व्यक्ति की गरिमा, समानता और स्वतंत्रता का अनुभव कराये जो विश्व शांति और विकास के लिए आवश्यक है।



आयोजन में प्रभारी प्राचार्य बी.पदमा राजेश, एके यादव, एसके ध्रुव, सीपी साहू, वायके सेन, एचआर साहू, एनआर साहू, एनके साहू, एचके साहू, यशोदा साहू, आकाश साहू व छात्र छात्राओं का योगदान रहा।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर, बोर्ड, टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400


विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला जोरातराई में विकास कार्यों का भूमिपूजन



**अंवरी।** जनपद सभापति परमेश्वरी साहू के प्रयास से प्राथमिक शाला जोरातराई अ में शौचालय, छत और किचन मरम्मत के लिए 76 हजार की स्वीकृति मिली है। जनपद सभापति ने इसके लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा विकास को सर्वोपरि मानती हैं। विकास छोटा हो या बड़ा यह मायने नहीं रखना। जन समुदाय की सहूलियत के लिए हमेशा ततपर रहती हैं। इस अवसर पर जितेंद्र तारक, दामन पाल, राजेंद्र साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### लोगों को जागरुक करना ही मानवाधिकार का मूलमंत्र : डा.मधुप



**धमतरी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय आयोग के प्रदेशाध्यक्ष व जिला अस्पताल के डर्मेटोलॉजिस्ट डा. मधुप ने कहा है कि 10 दिसंबर 1948 से पूरे विश्व में मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। सम्मान, सम्पन्ता और स्वतंत्रता मानव जीवन का मूलभूत अधिकार है। अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। लोगों को जागरुक करना ही मानव अधिकार का मूलमंत्र है। जन्म से मृत्यु तक जो अधिकार दिए गए हैं जिसमें पढ़ने का अधिकार, नौकरी करने का अधिकार, बिना भेदभाव के साथ रहना, कहीं भी काम करना यही मूलमंत्र है। इसकी रक्षा करना ही मानव अधिकार है। डा.मधुप ने बताया कि इस तरह की संस्था पूरी दुनिया में कार्य कर रही है। अपने देश के प्रत्येक राज्य में संस्था कार्यरत है। आवश्यकता पड़ने पर इन संस्थाओं से संपर्क किया जा सकता है।

### 4 परिवार को मिली सहायता राशि

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील करपावण्ड के ग्राम करपावण्ड निवासी झितरी की मृत्यु सांप काटने से पति धनसाय को, तहसील दरभा के ग्राम बिसपुर निवासी रामणता उर्फ शासबती की मृत्यु सांप काटने से पति आयता को, ग्राम डिलमिली निवासी जगरी की मृत्यु मधुमक्खी काटने से पति जोंदरा और तहसील तोकापाल के ग्राम केशलूर निवासी संजय की मृत्यु तालाब पानी में डूबने से पत्नि लछनदई को प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 19 को

**जगदलपुर।** रोजगार केन्द्र आड़ावाल में 19 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने साथ समस्त दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र आड़ावाल में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

### चार जैविक कृषि सेवा केंद्र की स्थापना

**दंतेवाड़ा।** जिले के किसानों को जैविक कृषि में उपयोग किये जाने वाले जैविक खाद, जैविक दवाई, जैविक बीज आदि रियायत दर पर समय से आसानी से उपलब्ध करने हेतु जिला प्रशासन के सहयोग से जैविक कृषि सेवा केंद्र की स्थापना जिले के प्रत्येक विकासखंड में किया गया है जैविक कृषि सेवा केंद्र का संचालन लघु कृषक व्यापार संघ समर्थित फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से जिले के किसानों द्वारा किया जा रहा है। जैविक कृषि सेवा केंद्र माध्यम से किसानों को जीवामृत, बीजामृत, धनजीवामृत, पंचगव्य, गौकृपामृत, हांडीदवा, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, आग्नेयास्त्र, मछली टॉनिक आदि उपलब्ध कराया जा रहा है. इन जैविक खाद व दवाईयों का निर्माण महिला किसानों के द्वारा स्थानीय स्तर पर ही किया जा रहा है।

काम को लेकर निगम आए फरियादियों को होना पड़ा निराश

# निगम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, दफ्तर खाली रहा





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम के नियमित कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों की हड़ताल रायपुर तुता में जारी है। इधर हड़ताल के कारण निगम दफ्तर दिनभर खाली रहा। काम के सिलसिले में निगम कार्यालय पहुंचे फरियादियों को मायूस होना पड़ा। बता दें कि नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ प्लेसमेंट कर्मचारियों की भी हड़ताल जारी है, जिसके कारण शहर में बिजली, पानी, सफाई सहित नियमित सेवाएं बाधित रही।

निगम कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष देवेश चंदेल, उपाध्यक्ष कमलेश ठाकुर, लोमश देवांगन, प्रमेश पेंदरिया, महेन्द्र जगत, प्रदेश उपाध्यक्ष मो. शेर खान, मंगलू निर्मलकर, तरूण गजेन्द्र, नीरज देवांगन, नमिता नागवंशी, संजय गुप्ता, सुनील सालुंके, नितिन बनवासी, दीपक पांडे, कामता चौबे, मनोज देवांगन, राजेन्द्र यादव, चेतनदास, कमल सिन्हा, पुरूषोत्तम प्रजापति सहित निगम के सभी कर्मचारी हड़ताल पर हैं।

कर्मचारियों ने बताया कि संघ की 6 सूत्रीय मांगे प्रमुख हैं। इसके पूर्व भी कर्मचारी संघ के बैनर तले सभी कर्मचारी सामूहिक रूप से अवकाश पर रहे हैं, जिस पर संचालक नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा 1 माह के भीतर निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया था। किंतु किसी भी प्रकार का निर्णय नहीं लिए जाने के कारण कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर हैं।

संघ की प्रमुख मांगों में कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करें। नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना लागू करें। 6वें व 7वें वेतनमान की एरियर्स राशि प्रदान करें। अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र करें। 10 वर्ष सेवा पश्चात कर्मचारियों को पदोन्नति शीघ्र दें। निकायों में ठेका पद्धति



समाप्त हो। मांगों को लेकर 11 दिसंबर से कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

## प्रदेश सरकार के पास चॉक और डस्टर खरीदने के लिए भी पैसे नहीं : भूपेश



- आमदी में पूर्व मुख्यमंत्री का कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने किया जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बस्तर प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आमदी पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए बाजे-गाजे के साथ पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। श्री बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार को बने एक साल हो गए हैं पर अभी तक उसकी एक भी उपलब्धि नहीं है। राजीव युवा मितान क्लब, बेरोजगारी भत्ता , भूमिहीन कृषि न्याय योजना, गोधन न्याय योजना बंद हो चुकी है। भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बंद कर दिया। उन्होंने बीजेपी सरकार को एक बार फिर से टमाटर के बढ़ हुए दाम को लेकर घेरा। उन्होंने कहा कि पहले फल, सब्जी के किसानों को 10 हजार रुपए प्रति एकड़ मदद मिलती थी। अब योजना बंद है। टमाटर लेने किसान अब धान बो रहे हैं, जिससे टमाटर के दाम बढ़ रहे हैं। प्रदेश सरकार के पास आत्मानंद स्कूल में चॉक और डस्टर खरीदने के लिए भी पैसे नहीं है। गौठान सहित अन्य योजनाएं बंद कर दी गई है।

मौके पर विधायक ओंकार साहू, जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, महापौर विजय देवांगन, सूर्याप्रभा चेटियार प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज साहू, नेता प्रतिपक्ष गजेंद्र कुम्भकार, गोपालन पटेल सरपंच रांवा, गुरुगोपाल गोस्वामी पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस, एमन साहू विधायक प्रतिनिधि आमदी, व्यासनारायण पार्षद , शत्रुघ्न साहू, पुनीत साहू, लालचंद साहू, घनानंद साहू, अनीता ठाकुर, उषा देवांगन, कविता साहू, डोमेश्वर साहू, खोजू साहू, नवीन साहू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय प्राथमिक शाला टेंगना में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व पालकगण की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। प्रधानपाठक ममता प्रजापति ने अर्धवार्षिक परीक्षा, आय व्यय, बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर चर्चा की। वार्षिक खेल उत्सव मनाने पर सहमति बनी। शिक्षक संतोष बांधव ने नवभारत उल्लास साक्षरता अभियान के बारे में शिक्षार्थियों को जानकारी प्रदान कर शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया। नवभारत उल्लास साक्षरता



अभियान से जुड़कर अध्यापन कार्य में सहयोग व शिक्षण केंद्र में निरंतर आने का आह्वान किया।

जाति प्रमाण-पत्र प्रभारी श्री बांधव ने कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी नगरी कार्यालय में जाति प्रमाण पत्र का निःशुल्क वितरण किया। मौके पर ग्राम पटेल चंद्रभान कश्यप, खम्मनलाल मरकाम, सुभाषचंद्र, देवबती साहू, सतबाई, लीलेश्वरी मरकाम, मंगतीन नेताम, सुमन लता, रीना जलधर, सीमा कश्यप, वालंटियर तोमेश्वर ध्रुव, हरिश्चंद्र साहू एवं पालकगण उपस्थित थे।

## प्रधानपाठक और तत्कालीन सहायक शिक्षिका निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

### डोमा में स्कूल की जमीन को बेचने का मामला

ग्राम डोमा में स्कूल की जमीन को बेच दी गई थी। इस मामले में आरटीआई कार्यकर्ता ने शिकायत की थी। जांच के बाद इस मामले में शाला प्रबंधन समिति द्वारा की गई कार्रवाई में स्कूल के प्रधानपाठक और तत्कालीन सहायक शिक्षिका सचिव और कोषाध्यक्ष की हैसियत से उपस्थित थे। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर दोनों को निलंबित कर दिया गया है।

मामला भखारा तहसील के ग्राम डोमा का है। यहां पर शाला प्रबंधन समिति द्वारा स्कूल की जमीन को गांव के ही एक व्यक्ति को बेच दी गई थी। इससे मिली राशि से कई काम करवाने का प्रस्ताव किया गया था लेकिन काम भी नहीं हुआ। आरटीआई कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार साहू ने जब सूचना के अधिकार के तहत जानकारी निकाली तब इस गड़बड़ी का खुलासा हुआ। आरटीआई कार्यकर्ता श्री साहू ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की। जब शिकायत जिला शिक्षाधिकारी टीआर जगदल्ले के पास पहुंची तो 20 अगस्त 2024 को 2 सदस्यीय जांच दल गठित कर पूरे मामले की जांच कराई।

जांच में पाया गया कि जमीन बेचने के लिए शाला प्रबंधन समिति द्वारा कार्रवाई की गई है। कार्रवाई रजिस्टर में स्कूल के प्रधानपाठक तेजराम साहू और तत्कालीन सहायक शिक्षिका श्रीमती बुद्धिमति साहू के दस्तखत हैं। उन्होंने शाला प्रबंधन सचिव और कोषाध्यक्ष की हैसियत से रजिस्टर में दस्तखत किए थे। उनका यह कार्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 की कंडिका 1, 2 व 3 के प्रतिकूल पाया गया। दोनों को कारण बताओ सूचना जारी की गई। उनका जवाब संतोषप्रद नहीं आया जिसके चलते दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी रहेगा एवं निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## नगर पंचायत में धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माण




- जनप्रतिनिधि व अधिकारी की मिल रही है मौन स्वीकृति : जितेंद्र
- भगवान भरोसे चल रही नगर पंचायत की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी में इन दिनों धड़ल्ले से अवैध निर्माण हो रहे हैं। इसकी जानकारी नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि व संबंधित अधिकारियों को होते हुए भी वे मौन बैठे हुए हैं। यह आरोप आदिवासी नेता गोलू मंडावी ने लगाया है। उन्होंने एसडीएम नगरी को लिखित शिकायत कर अतिशीघ्र अवैध निर्माण रोकने की मांग की है। इस संबंध में अध्यक्ष आराधना शुक्ला का कहना है कि अभी अधिकारी हड़ताल पर हैं। मैं दिखवाती हूं। अब सवाल यह उठता है कि जनप्रतिनिधि को अवैध निर्माण कार्य की जानकारी रहती है या फिर जानबूझकर अनजान बनते हैं। नगर पंचायत नगरी में धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माण पर रोक व कार्यवाही की मांग को लेकर भाजपा नेता जितेन्द्र मंडावी ने लिखित शिकायत में कहा है कि नगर पंचायत नगरी के विभिन्न वार्डों में कुछ लोगों द्वारा नियम विरुद्ध अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। जानकारी होने के बाद भी नगर पंचायत नगरी के जनप्रतिनिधि अपने स्तर पर रोक लगाने की रुचि नहीं ले रहे हैं। इस मामले को लेकर नगरी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डां. विभोर अग्रवाल ने कहा कि मौके पर तहसीलदार को भेजकर जांच पड़ताल की जायेगी। अवैध निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगेगी।

## धोबी समाज भवन में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गौरव पथ स्थित धोबी समाज के सामाजिक भवन में टाइल्स लगाने से पहले पूजा-अर्चना पार्षद राजेंद्र शर्मा एवं नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष चित्रलेखा निर्मलकर द्वारा की गई। श्री शर्मा ने कहा कि समाज राज्य व राष्ट्र की शक्ति होता है इसलिए संगठित समाज को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का धर्म है। मौके पर कुलेश सोनी, मुकेश शर्मा, छमन रजक, सनत कोसरिया, शैलेश रजक, डमलेश कोसरिया, महेश रजक, सुदेश रजक, मुनु रजक, अप्पू रजक, हेमशंकर रजक, पप्पू रजक, प्रहलाद रजक, कांति रजक, सरोज रजक, गोकुल रजक उपस्थित थे।

## धान कटाई के बाद बढ़ोना करने की अनूठी परंपरा



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

अंचल के किसान बढ़ोना की परम्परा का निर्वहन आज भी कर रहे हैं। किसान धान फसल को काटने के बाद बढ़ोना कर अन्न माता की पूजा अर्चना करते हैं। ग्राम अंवरी निवासी किसान थानेश्वर साहू ने बताया कि फसल के अच्छे उत्पादन के लिए किसान अपने धान की कटाई को पूरा कर लेने के बाद धान फसल के एक छोटे से हिस्से को बचा लेते हैं। वहां पर धान काटने के औजारों को भी रखा जाता है। उसके बाद पूरे विधि-विधान से अन्न माता एवं कृषि औजारों की पूजा-अर्चना की जाती है। इस पूजा-अर्चना में विशेष रूप से मुर्रा, मिक्चर एवं नारियल का प्रसाद ही वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी किसान थानेश्वर साहू, ईश्वर साहू, नीरज साहू, डागेश्वर साहू, चेतना साहू ने भी फसल काटने के बाद बढ़ोना कर अन्न की पूजा की।

## जिला निषाद समाज की तिमाही बैठक 14 को

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ जिला निषाद समाज धमतरी की तिमाही बैठक 14 दिसंबर शनिवार को निषाद छात्रावास भवन दानीटोला धमतरी में 11.30 बजे से 4 बजे तक रखी गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष चंदूलाल निषाद, महासचिव नारायण लाल निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

आवश्यकता है
ऑफिस एवं दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़की 2 पद
(वेतन 7 से 8000)
मार्केटिंग सेल्स फिल्ड कार्य हेतु अनुभवी लड़के 2 पद
(वेतन 10000+पेट्रोल+खाना)
संपर्क करें
आद्य संस्कृति डेकोर
गोकुलपुर, धमतरी
7880044727, 9111444419

## 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 16 फरवरी को

**धमतरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025-26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 16 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के इच्छुक विद्यार्थी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह, नगरी में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## गिरौद में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू





**मगरलोड।** ग्राम गिरौद में साहू परिवार द्वारा 12 से 19 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा पुराण का आयोजन किया गया है। गुरूवार को मुख्य मातदेवाला तालाब से जल लेकर मां शीतला पूजा अर्चना कर एकांतेश्वर महादेव, महावीर बजरंगबली फिर नर्मदेश्वर महादेव का आह्वान की कथा स्थल पहुंचकर शिव महापुराण प्रारंभ किया गया। पं. कालेश्वर प्रसाद तिवारी, पं. निवान दुबे सहित खोरबहारीन साहू, नारायण साहू, रामकली साहू, सनत साहू, वेदिका साहू, योगेश साहू, फुलेश्वरी साहू, छत्रपाल विद्या साहू, हुलास ईश्वरी साहू, ओमेश्वरी साहू, चुम्मन साहू, पुष्पा साहू, उमेंद निषाद, सुखदेव निषाद, खेदू, दुजराम, नंदनी साहू, पूर्णिमा साहू, गंगा साहू, दमयंतीन साहू, चंपा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस आज कलेक्ट्रेट कार्यालय का करेगी घेराव

**धमतरी।** प्रदेश में भाजपा साय सरकार की गलत नीतियों के चलते बिगड़ती कानून व्यवस्था, किसानों से वादाखिलाफी, पीएम आवास के लिए गैर-जरूरी नियम, महानदी में अवैध रेत खनन, अवैध प्लाटिंग, सीजी 05 वाहन को टोल टैक्स फ्री करने जैसे जनहित के मामलों को लेकर कांग्रेस द्वारा 13 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उपस्थित की अपील की है।

### प्लेसमेंट कैम्प 19 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा 19 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 321 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 10वीं, 12वीं और स्नातक उत्तीर्ण शैक्षणिक योग्यताधारी प्लेसमेंट कैम्प में हिस्सा ले सकते हैं।

### सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 13 से

**मगरलोड।** यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड सत्र 2024/25 बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की नियमित, अनियमित विद्यार्थियों की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षाएं 13 दिसंबर से प्रारंभ होगी। प्राचार्य डॉ प्रभा वेरूलकर ने बताया कि 13 दिसंबर को बीएससी प्रथम सेमेस्टर की रसायन शास्त्र विषय, 14 दिसंबर को बीएससी प्रथम सेमेस्टर की वनस्पति विज्ञान, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की भौतिक विज्ञान एवं 16 दिसंबर सोमवार को बीएससी प्रथम सेमेस्टर की जंतु विज्ञान की परीक्षा सुबह 8 बजे होगी। विद्यार्थी प्रायोगिक फाइल के साथ सहायक प्राध्यापक डॉ रमादेवी चन्द्राकर, निरुपा साहू, नीरज साहू, नेहा चंद्राकर से संपर्क करेंगे।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज

- बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में शामिल होंगे 155 प्रतिभागी

**धमतरी।** जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन13 दिसम्बर को किया जाएगा। स्थानीय बाबू पंरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम धमतरी में आयोजित इस जिला स्तरीय युवा उत्सव में जिले के चारों विकासखण्डों के विजेता कुल 155 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें सामूहिक लोकनृत्य के 40, सामूहिक लोकगीत के 34, व्यक्तिगत लोकनृत्य और लोकगीत के 11-11, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण और कविता के 4-4, विज्ञान मेला समूह के 13, हस्तशिल्प और कृषि उत्पाद के 9-9 तथा रॉकबैंड के 10 प्रतिभागी शामिल हैं। प्रभारी जिला खेल अधिकारी बी.एक्का ने जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में सुबह 9 बजे उपस्थित होने कहा है।

नगर निगम में चल रहा भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का खेल : नरेन्द्र

भाजपा जिलाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष व भाजपा पार्षदों ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा

# बाजार मूल्य से कई गुना अधिक दर पर सामग्रियों की खरीदी कर निगम को लगाया चूना : मोटवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






नगर निगम में गार्डन की कुर्सी, ई-रिक्शा, स्ट्रीट लाइट, कचरा ठेला, जेसीबी खरीदी घोटाले को लेकर निगम के भाजपा पार्षदों ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। भाजपा नेताओं ने खुलासा करते हुए कहा कि सामग्रियों की निविदा में एक ही ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए उससे संबंधित दो तीन फर्म के कोटेशन का इस्तेमाल किया गया। प्रचलित बाजार मूल्य से कई गुना अधिक दर पर सामग्री खरीदकर नगर निगम को लाखों रूपये का चूना लगाया है। भाजपा पार्षदों ने संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के साथ एफआईआर करवाकर किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच करने की मांग की है।

पार्षद विजय मोटवानी ने बताया कि नगर निगम में पिछले 5 वर्ष में विभिन्न मदों से खरीदा गया सामान बाजार दर से अधिक है, जिसमें लाखों रूपये का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने बताया कि 15वें वित्त की राशि में से गार्डन चेयर के नाम पर भर्राशाही की गई है जिस कुर्सी का मार्केट रेट प्रति नग 5700 रूपये बताया जा रहा है, उसे 17 हजार में खरीदा गया। जिसका प्रमाणिक दस्तावेज है। 22 जुलाई 2022 को 100 नग कुर्सी 17 लाख रूपये में, 31 अगस्त 2023 को 120 नग कुर्सी 20 लाख रूपये में, 15 मार्च 2024 को 120 नग कुर्सी 20 लाख रूपये में खरीदी गई। कुल 340 नग कुर्सी 57 लाख रूपये में खरीदी गई है जबकि पूरे शहर में कहीं भी 340 कुर्सी नहीं दिखती। मात्र 100 कुर्सी को रोटेशन में सप्लाई किया जाना बताया गया। कुर्सी को फिर से दिखाते हुए लाखों रूपये का गबन किया गया। वर्तमान में 90 नग की कुर्सी के लिए 15 लाख की अनुशंसा की गई है। इसमें षड्यंत्र करते हुए निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है।

श्री मोटवानी ने बताया कि स्वच्छता मिशन के तहत ई-रिक्शा की खरीदी गई है। जबकि पूर्व के ई-रिक्शा को मामूली मरम्मत कर चलाया जा सकता था। इसमें में भी बंदरबाट हुई है। पांच साल में 14 नग ई-रिक्शा की खरीदी कर 3 से 4 बार लाखों का हेर-फेर हुआ है। लाइट खरीदी में भी भ्रष्टाचार हुआ है। 45 वॉट की लाइट 725 नग, 60 वॉट की लाइट 140 नग 40 लाख रूपये में खरीदा गया है। प्रति लाइट की दर 4600 रूपये बताई जा रही है। इसकी वर्तमान मार्केट वैल्यू 460 रूपये है। खरीदी गई लाइट की गुणवत्ता इतनी खराब है कि उसे 3 दिन के अंदर खंभे से उतार लिया गया। शहर के सैकड़ों खंबे अब भी लाइटविहीन हैं। वार्डों में अंधेरा है। लाइट पर दूसरी कंपनी का मोनो लगाकर जालसाजी की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग में लगाई गई एलईडी लाइट की कीमत 12 लाख रूपये बताई जा रही है। 120 खंभों में लगी लाइट को 10 हजार रूपये प्रति नग से खरीदा बताया जा रहा है। जबकि वास्तविक कीमत 600 रूपये आंकी गई है। नगर निगम में कचरा संग्रहण के लिए मिनी टिप्पर की खरीदी पहले ही हो चुकी है। लेकिन कमीशन के चक्कर 15 मार्च 2024 को 14 नग मिनी टिप्पर की खरीदी कर निगम को लाखों रूपये का नुकसान पहुंचाया गया। जबकि पुराने वाहन आज भी चलने योग्य हैं। स्वच्छता कार्यों के लिए पहले ही तीन जेसीबी मशीन खरीदी गई थी, उसके बाद भी 27 लाख रूपये की जेसीबी मशीन को 33 लाख रूपये की लागत से खरीदकर कमीशनखोरी की गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि निगम में पिछले पांच साल से भ्रष्टाचार और कमीशन का खेल चल रहा है। एक ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए यह सामग्री खरीदी गई। निगम के नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र रोहरा ने कहा कि निगम में सामान खरीदी के नाम पर पैसों की बंदरबाट कर जनता की भावनाओं से खिलवाड़ किया जा है। एफआईआर कर सही जांच कराई जाए। इस अवसर पर श्यामलाल नेताम, श्यामा साहू, मिथिलेश सिन्हा, सरिता असाई, सुशीला तिवारी, अविनाश दुबे, विजय साहू सहित सभी भाजपाई पार्षद उपस्थित थे।

### आरोप झूठा है, जांच के लिए तैयार हैं : महापौर



नगर निगम के महापौर विजय देवांगन ने कहा कि पिछले एक साल से प्रदेश में भाजपाइयों की सरकार है । जो आरोप हम पर लगा रहे हैं, उसकी जांच करवा सकते हैं। जांच का हम स्वागत करते हैं। सभी जांच में हम सहयोग करेंगे। विपक्षी पार्षदगण पिछले पांच साल से सिर्फ हल्ला मचा रहे हैं। विकास कार्य को छोड़कर वे सिर्फ विवाद कर रहे हैं। यह सब चुनावी खेल है। जिसकी खरीदी ही नहीं हुई है, ऐसे मुद्दे भी उठाते हैं। कचरा मुद्दा को लेकर केन्द्र तक शिकायत कर चुके हैं। बाद में उसी ठेकेदार का चेक कटवाने में लगे रहे। श्री देवांगन ने कहा कि निगम में सामग्रियों की खरीदी अधिकारी करवाते हैं। हम लोग खरीदी के लिए लिखकर देते हैं। टेंडर के बाद एप्रुव्ड दर से खरीदी होती है। जनप्रतिनिधि सिर्फ अपना फंड देता है। खरीदी के लिए मूल्य को लेकर निर्धारित वेबसाइट है, जहां से खरीदी होती है पर भाजपाई पार्षदों ने 6 करोड़ के कार्य को अपने ही वार्डों के काम में बांट लिया।

## पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के देवाराम प्रदेश संरक्षक बने



- बैठक में संघ ने पिछड़ा वर्ग के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ की बैठक चारामा रेस्ट हाउस में लीलाराम साहू प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति एवं देवाराम साहू की अध्यक्षता में रखी गई। देवाराम साहू को प्रदेश संरक्षक, रूक्खम सेन को प्रदेश महासचिव, गंगाराम बघेल को कोषाध्यक्ष, घनाराम साहू को प्रदेश संयुक्त सचिव एवं रामनिहोरा निषाद को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, कामता प्रसाद मछिंद्र को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, देवकरण जैन को जिला युवा मोर्चा का कांकेर जिला अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र दिया गया।

इस दौरान तरुण धाकड़ जिला अध्यक्ष जगदलपुर, करिया दीवान प्रदेश महासचिव को संघ के प्रति उनकी कार्य शैली संतोषप्रद नहीं होने के कारण उनको हटाये जाने तथा पिछड़ा वर्ग के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया। लीलाराम साहू द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया।

## सत्य बोलने वालों की वाणी में सत्यनारायण भगवान रहते हैं : पं. आलोक किशोर

- श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन शिशुपाल वध की कथा सुनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





रुद्री के जल विहार कालोनी 14 दिसंबर तक नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा वाचक पंडित आलोक किशोर तिवारी धमतरी ने सातवें दिन 12 दिसंबर को भगवान श्री कृष्ण द्वारा शिशुपाल वध, भगवान कृष्ण के अनंत विवाह, वंशवर्ण, अधर्मी राजाओं का संहार एवं सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई। पंडित तिवारी ने श्रोताओं से कहा कि समय बहुत बलवान होता है इसलिए समय का उपयोग अच्छे काम के लिए करें। जो व्यक्ति समय का सदुपयोग करते हैं वे जरूर सफल होते हैं।

शरीर एक न एक दिन नष्ट हो जाएगा। असत्य की राह में चलने पर भगवान सत्यनारायण कहां आएंगे। झूठ के समान कोई पाप नहीं है। सत्य बोलने वालों की वाणी में सत्यनारायण भगवान रहते हैं। आठवें दिन यदुवंशी श्राप, दत्तात्रेय, चौविसमुरा, कलियुग वर्णन, परिक्षित मोक्ष, 9वें दिन श्री उपदेश, हवन, पूर्णाहूति, भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कथा सुनने भागीरथ रजक, आशा रजक समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### चर्रा में आयुष स्वास्थ्य मेला



**कुरूद।** कुरूद विकासखण्ड के ग्राम चर्रा में आयुष विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न रोगों जैसे वात रोग, उदर रोग, चर्म रोग, भगंदर, पथरी, पक्षाघात की निःशुल्क जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान योगाभ्यास, पेंटिंग, किताबों का वाचन करना इत्यादि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर आयुर्वेद काढ़ा का भी वितरण किया गया।

## डॉ. हरिहर सिंह ने समाज को नई दिशा दी



- श्रद्धांजलि सभा में आदिवासी समाज के पुरोधा के सेवा कार्यों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आदिवासी समाज के पुरोधा स्व. डॉक्टर हरिहर सिंह ध्रुव की 55 वीं पुण्यतिथि उनके गृह ग्राम खट्टा पटेवा जिला महासमुंद में श्रद्धांजलि सभा रखी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक व प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा नीलकंठ टेकाम थे। विशेष अतिथि गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय महासचिव लोकेंद्र सिंह, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष आरएन ध्रुव, प्रदेश सचिव एसपी ध्रुव, प्रदेश सदस्य टामेश्वर ठाकुर, एमएल ध्रुव थे। इस अवसर पर नीलकंठ टेकाम ने कहा कि समाज सेवा की बदौलत किसी महान हस्ती को याद करना यह अपने आप में ऐतिहासिक पल है। हरिहर सिंह ध्रुव की पुण्यतिथि लगातार 55 साल से मनाते आ रहे हैं।

आरएन ध्रुव ने कहा कि हरिहर सिंह ध्रुव जैसे समाज की धरोहर को श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने आपको गौरव को अनुभव कर रहे हैं। हम सबको उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर उनके कार्यों को आगे बढ़ना होगा। मौके पर पुरुषोत्तम दीवान, बसंत दीवान, प्रदीप ध्रुव, प्रेम सिंह दीवान, उमेंद्र चौहान, थनवार यदु, श्रीमती खेमलता पैकरा समेत अन्य मौजूद थे।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स का प्रथम व्यापारी सम्मेलन 19 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स के गठन के पश्चात प्रथम व्यापारी सम्मेलन 19 दिसंबर को होगा। सम्मेलन में वर्तमान और भविष्य में व्यापार की संभावना पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा, उपाध्यक्ष रविंद्र छाबड़ा, सचिव राजा रोहरा, सहसचिव आलोक पांडेय, संरक्षक सुनील जैन, नरेंद्र रोहरा, कोषाध्यक्ष भूपेश अंबानी, वर्किंग कमेटी से प्रमोद पाण्डेय, कन्नू कामरानी, सुरेश वर्ल्यानी, महेश चावला, पीयूष राठौर समेत अन्य मौजूद रहे।

## सोरिद नगर में महिला मंडल का गठन



- अध्यक्ष किरण यादव, उपाध्यक्ष सत्या यादव बनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में सोरिद नगर वार्ड महिला मंडल का गठन धमतरी नगर अध्यक्ष रामेश्वर यादव, सचिव यशवंत यादव, उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव एवं सोरिद नगर वार्ड अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, बबलू यादव रामनाथ यादव, यशवंत यादव की उपस्थिति में हुआ।

सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्रीमती किरण यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती सत्या यादव, सचिव श्रीमती ममता यादव, कोषाध्यक्ष श्रीमती सुरेखा यादव को मनोनीत किया गया। बैठक में गंगूबाई यादव, संतोषी यादव, जोहत बाई यादव, सुरेखा यादव, कांति यादव, पूजा यादव, धन्वतीन यादव, शांति यादव उपस्थित थीं।

## धीवर समाज में दोहरी खुशी, पिता रजिस्ट्रार तो पुत्री बनी सिविल जज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





उच्च न्यायालय बिलासपुर में पदस्थ ब्राम्हणपारा धमतरी निवासी खिलावन रिगरी पुत्र स्व. डेरहाराम रिगरी का रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नत होने एवं उनकी पुत्री भावना रिगरी का सिविल जज हेतु चयन होने से धीवर समाज में हर्ष का माहौल है।

इस अवसर पर धीवर समाज धमतरी परगना के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि समाज द्वारा विगत 40 साल से समाज के छात्र-छात्राओं एवं पालकों को उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा रहा है जिसका सुखद परिणाम प्राप्त हो रहा है। बच्चों में कंपिटिशन की भावना बढ़ी है। समाज में उच्च शिक्षा के लिए जागरूकता बढ़ती जा रही है। इस उपलब्धि पर समाज के होरीलाल मत्स्यपाल, नर्मदाप्रसाद जगबेड़हा, भुवनलाल धीवर, सोहन, सोनू नाग, दिलीपकुमार नाग, हेमंत मत्स्यपाल, अशोक सपहा, राजकुमार हिरवानी, केंद्रकुमार पेंदरिया विशन धीवर, रानी मीनपाल, मोहनीश धीवर, होमशंकर हिरवानी, आलोक मत्स्यपाल, यशवंत कोसरिया, डॉक्टर दिनेश नाग, संध्या हिरवानी, आशा धीवर, फिरोज हिरवानी, पवन हिरवानी, शैलेंद्र नाग समेत धीवर समाज ने हर्ष व्यक्त किया है।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह )
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने नियुक्त किया रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी



**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन नम्रता गांधी ने जिले में नगरीय निकायों और त्रि स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारी पदाभिहित किया है। उन्होंने जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव को रिटर्निंग और अधीक्षक भू अभिलेख मधुकर सिरमौर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य के लिए संबंधित तहसीलदारों को रिटर्निंग अधिकारी पंचायत और सीईओ जनपद पंचायतों को सहायक रिटर्निंग अधिकारी पंचायत नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन 1984 के नियम 14 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत नगरीय निकायों के निर्वाचन कार्य हेतु रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने नगरनिगम धमतरी के लिए अपर कलेक्टर जीआर मरकाम को रिटर्निंग और अपर कलेक्टर प्रिया गोयल, डिप्टी कलेक्टर बीएस मरकाम एवं अधीक्षक भू-अभिलेख ख्याति कंवर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने नपं नगरी के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी डॉ. विभोर अग्रवाल को रिटर्निंग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरी अशोक चौहान को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नपं मगरलोड के लिए अपर कलेक्टर रामकुमार कृपाल को रिटर्निंग, नायब तहसीलदार करेली बड़ी चित्रसेन साहू को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नपं आमदी के लिए अनुविभागीय अधिकारी धमतरी पवन प्रेमी को रिटर्निंग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नपं आमदी भूपेश दीवान को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नपं भखारा के लिए डिप्टी कलेक्टर वेरनदत्ता एक्का को रिटरिंग अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नपं भखारा संतोष विश्वकर्मा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा नगर पंचायत कुरूद के लिए अनुविभागीय अधिकारी कुरूद डीडी मंडावी को रिटर्निंग तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नपं कुरूद महेन्द्र राज गुप्ता को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

### खरेंगा में मड़ई 26 को

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा में 26 दिसंबर को मड़ई होगी। ग्रामीण प्रमुख मोहन साहू, तामेश्वर साहू, योगेश्वर साहू ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात में सुनील सोनी स्टार नाइट का कार्यक्रम रखा गया है।

### पीजी कालेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 16 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार 16 दिसंबर को वार्षिक स्नेह सम्मेलन होगा। मुख्य अतिथि रामू रोहरा प्रदेश महामंत्री भाजपा करेंगे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वीके पाठक करेंगे। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र रोहरा अध्यक्ष स्थानीय प्रबंध समिति बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं श्रीमती रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी होंगे।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020